आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 11.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सोमनाथ मंदिर अमृत महोत्सव भारत के दृष्टिकोण को आने वाले एक हजार वर्ष तक प्रेरित करेगा।
- ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। कहा– ऑपरेशन सिंदूर, आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।
- आगामी मानसून सीजन को लेकर आपदा प्रबंधन व पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने राज्य स्तरीय तैयारियों की समीक्षा की।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक मिलन कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों और दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

**सोमनाथ अमृत महोत्सव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ अमृत पर्व केवल अतीत का उत्सव नहीं है, बल्कि यह आने वाले एक हजार वर्षों तक देश की प्रेरणा बनेगा। गुजरात में सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ लोगों को यह याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूती से खड़ा रह सकता है जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे।

**मुख्यमंत्री/ऑपरेश सिंदूर**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सेना के शौर्य के कारण आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। उन्होंने सेना के साहस और शौर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सेना के साहस, समर्पण और त्याग के कारण दुश्मन कभी भी भारत की ओर आंख उठाने की हिम्मत नहीं कर सकता। ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ–साथ सेना को अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित किया जा रहा है।

**जी राम जी/अधिसूचना**

केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी– गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन, ग्रामीण, अधिनियम–2025 के क्रियान्वयन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिनियम इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। देशभर में नए ढांचे के क्रियान्वयन के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक रिपोर्ट–

## मॉनसून तैयारी/समीक्षा

आगामी मानसून सीजन को लेकर आपदा प्रबंधन व पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने आज देहरादून में राज्य स्तरीय तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री कौशिक ने कहा कि सभी रेखीय विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां, समन्वय के साथ चौबीस घंटे अलर्ट मोड में कार्य करें। उन्होंने प्रदेशभर में नालों और नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान संचालित करने के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून शुरू होने से पहले कम से कम दो बार इनकी सफाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव और बाढ़ जैसी स्थितियों को रोका जा सके। श्री कौशिक ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार टीमों की पूर्व तैनाती की जाए, ताकि किसी भी स्थिति में राहत व बचाव कार्यों में देरी न हो।

## लोक मिलन कार्यक्रम

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन में आयोजित लोक मिलन कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उत्तरकाशी, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार और देहरादून जिलों से आए लगभग बीस व्यक्तियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और सुझाव राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने सभी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार और निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने शिकायत निवारण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मामलों को संबंधित जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को तत्काल प्रेषित कर शीघ्र समाधान की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल ने कहा कि लोक भवन में समय–समय पर आयोजित होने वाले लोक मिलन कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं, विशेषकर पूर्व सैनिकों को सीधे सुनना तथा उनके समाधान के लिए संवेदनशील और प्रभावी पहल करना है।

## जनसुनवाई

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों ने सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और पानी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। हरिद्वार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 66 शिकायते दर्ज की गईं, जिनमें से 30 का मौके पर निराकरण किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा जो भी समस्या दर्ज कराई जा रही हैं, उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनश्चित किया जाए। उधर, बागेश्वर में आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आर.सी तिवारी ने अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।